**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**07.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

## प्रधानमंत्री– शताब्दी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है और भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के माध्यम से छोटे किसानों को सशक्त बनाया है जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को खेती से संबंधित जोखिमों से सुरक्षा मिली है। नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दस हजार किसान उत्पादक संगठनों के निर्माण से छोटे किसानों की सामूहिक शक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता और स्वर सहायता समूहों को दी जा रही वित्त्ीय मदद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

--------------------------------------

## प्रधानमंत्री– शताब्दी सम्मेलन–2

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक व्यावसाय के योगदान से हासिल किया जाएग।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल देश में अब तक का सबसे अधिक अन्न उत्पादन किया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हथकरघा क्षेत्र को देश भर में एक नई पहचान और मजबूती मिली है।

--------------------------------------

## हथकरघा दिवस

देश आज भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को संरक्षित करने के लिए 11वां राष्ट्रीय हथकरघा मना रहा है। सात अगस्त 1905 को शुरू हुए ऐतिहासिक स्वदेशी आंदोलन की भावना को आगे बढाने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान में मुख्य रूप से ब्रिटिश सरकार के प्रतिकार के रूप में स्वदेशी उद्योंगों, विशेष रूप से हथकरघा उद्योग को बढावा दिया गया।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज नई दिल्ली में संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार–2025 प्रदान किए। इन पुरस्कारों का उद्देश्य इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बुनकरों, कर्मियों और उत्पादक कंपनियों के प्रयासों को सम्मान प्रदान करना है। 11वें

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर गिरिराज सिंह ने कहा कि वर्तमान में दुनियाभर में गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों की मांग है और भारतीय हथकरघा उद्योग इस आवश्यकता को पूरा कर रहा है। उन्होंने हथकरघा उत्पादों को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने का आह्वान किया।

..........................................

**हिमाचल प्रदेश – बारिश**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम आम तौर पर साफ बना हुआ है जिससे लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, जबकि 8 और 9 अगस्त को गरज के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है।

..........................................

**नितिन गडकरी**

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिमाचल प्रदेश में क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़कों और पुलों की मुरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों में तेजी लाए जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर इस संबंध में बैठक की और प्रदेश में हाल ही में आई भीषण आपदा से उत्पन्न परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की।

..........................................